# ग्रेट इंडियन बस्टर्ड और एशियाई शेर

## प्रिलिम्स के लिये:

**ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, एशियाई शेर, चक्रवात ताउते, बबेसिओसिस, गिर नेशनल पार्क, कुनो नेशनल पार्क, IUCN, WWI**

## मेन्स के लिये:

वन्यजीव प्रजातियों पर प्राकृतिक आपदा के प्रभाव

## चर्चा में क्यों?

चक्रवात बिपोरजॉय जैसे-जैसे गुजरात के कच्छ में जखाऊ बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है नालिया क्षेत्र में **ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB)** और **गिर के जंगल में एशियाई शेरों** के बारे में चिंता उत्पन्न होने लगी है।

## प्रमुख चिंताएँ:

- **एशियाई शेर:**
  - गिर का जंगल लगभग **700 एशियाई शेरों** का निवास स्थान है जो केवल इसी क्षेत्र में पाए जाते हैं और संरक्षण के लिये एक महत्त्वपूर्ण प्रजाति हैं।
  - **संरक्षणवादियों ने पूरी शेर आबादी के एक क्षेत्र में केंद्रित होने की भेद्यता के बारे में चिंता जताई है।** वर्ष 2018 में **बबेसिओसिस** जैसी प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप और वर्ष 2019 में **चक्रवात ताउते** जैसी महामारी शेरों के अस्तित्व के लिये गंभीर जोखिम उत्पन्न करती है।
    - वर्ष 2013 में **सर्वोच्च न्यायालय** ने एशियाई शेरों को गुजरात के गिर जंगल से मध्य प्रदेश के **कुनो नेशनल पार्क** में स्थानांतरित करने का निर्देश जारी किया।
      - **शेरों के स्थानांतरण को रोकने के लिये गुजरात सरकार की याचिका को न्यायालय ने खारिज कर दिया था** उनके इस दावे के बावजूद किये जानवर राज्य के लिये गर्व का विषय है।
- **ग्रेट इंडियन बस्टर्ड:**
  - **गुजरात के नलिया के घास के मैदानों में केवल चार मादा शेष हैं** । पक्षियों के रूप में उनके पास बेहतर गतिशीलता होती है तथा खतरे को भाँपने और चक्रवात के रास्ते से दूर उड़ने में सक्षम हो सकते हैं।
  - हालाँकि भारी वर्षा के कारण आई बाढ़ से उनके आवास पर पड़ने वाला प्रभाव चिंता का विषय बना हुआ है।
    - चक्रवात के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। अधिकारियों ने अपनी छुट्टियों को रद्द कर बचाव दलों के साथ तैनात रहने का फैसला लिया है। घायल जानवरों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिये कई अस्पताल भी हैं।

## एशियाई शेरों से संबंधित प्रमुख बिंदु:

- **परिचय:**
  - एशियाई शेर (जिसे फारसी शेर अथवा भारतीय शेर के रूप में भी जाना जाता है) ***??????? ???? ????*** उप-प्रजाति से संबंधित है जो भारत तक ही सीमित है।
  - इन क्षेत्रों में विलुप्त होने से पहले इसके पिछले आवासों के अंतर्गत पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व क्षेत्र आते थे।
    - **एशियाई शेर अफ्रीकी शेरों की तुलना में थोड़े छोटे होते हैं।**
- **वितरण:**
  - एक समय था जब **एशियाई शेर पूर्व में पश्चिम बंगाल राज्य और मध्य भारत में मध्य प्रदेश के रीवा** में पाए जाते थे।
  - वर्तमान में **गिर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य एशियाई शेर का एकमात्र निवास स्थान** है।
- **संरक्षण स्थिति:**

- **IUCN रेड लिस्ट:** लुप्तप्राय
- CITES: परिशिष्ट- I
- **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972:** अनुसूची- I

## गिर राष्ट्रीय उद्यान:

- **गिर राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य गुजरात के जूनागढ़ ज़िले** में स्थित है।
- इसे वर्ष 1965 में एक अभयारण्य और वर्ष 1975 में एक राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।
- भारत के अर्द्ध-शुष्क पश्चिमी भाग में गिर वन शुष्क पर्णपाती वन हैं।
- गिर को अक्सर **'मल्धारिस' (Maldharis)** के साथ जोड़ा जाता है जो शेरों के साथ सहजीवी संबंध होने से युगों तक जीवित रहे हैं।

## ग्रेट इंडियन बस्टर्ड क्षेत्र:

- **परिचय:**
  - **द ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (Ardeotis nigriceps), राजस्थान का राजकीय पक्षी है,** इसे भारत का सबसे गंभीर रूप से लुप्तप्राय पक्षी माना जाता है।
  - इसे प्रमुखतः **घास के मैदान की प्रजाति** माना जाता है, जो चरागाह पारिस्थितिकी का प्रतिनिधित्व करता है।
  - इसकी अधिकतम आबादी राजस्थान और गुजरात तक ही सीमित है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में यह प्रजाति कम संख्या में पाई जाती है।

//


- **खतरे:**
  - **विद्युत लाइनों से टकराव/इलेक्ट्रोक्यूशन,** शिकार (अभी भी पाकिस्तान में प्रचलित), आवास का नुकसान और व्यापक कृषि विस्तार आदि के परिणामस्वरूप यह पक्षी खतरे में है।
- **सुरक्षा की स्थिति:**
  - अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की रेड लिस्ट: गंभीर रूप से संकटग्रस्त
  - वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES): परिशिष्ट-1
  - प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर अभिसमय (CMS): परिशिष्ट-I
  - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची- 1

## GIB की सुरक्षा के लिये किये गए उपाय:

- **प्रजाति पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम:**
  - इसे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (Ministry of Environment, Forests and Climate Change- MoEFCC) के वन्यजीव आवास का एकीकृत विकास (IDWH) के तहत प्रजाति पुनर्प्राप्ति कार्यक्रम के अंतर्गत रखा गया है।
- **नेशनल बस्टर्ड रिकवरी प्लान:**
  - वर्तमान में इसे संरक्षण एजेंसियों (Conservation Agencies) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।
- **संरक्षण प्रजनन सुविधा:**
  - जून 2019 में MoEFCC, राजस्थान सरकार और भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) द्वारा जैसलमेर में डेज़र्ट नेशनल पार्क में एक संरक्षण प्रजनन सुविधा स्थापित की गई है।
- **प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड:**
  - राजस्थान सरकार ने इस प्रजाति के प्रजनन बाड़ों के निर्माण और उनके आवासों पर मानव दबाव को कम करने के लिये एवं बुनियादी ढाँचे के विकास के उद्देश्य से 'प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड 'लॉन्च किया है।
- **पर्यावरण अनुकूल उपाय:**
  - ग्रेट इंडियन बस्टर्ड सहित वन्यजीवों पर पावर ट्रांसमिशन लाइन्स (Power Transmission Lines) और अन्य पावर ट्रांसमिशन इन्फ्रास्ट्रक्चरर्स (Power Transmission Infrastructures) के प्रभावों को कम करने के लिये पर्यावरण के अनुकूल उपायों का सुझाव देने हेतु टास्क फोर्स का गठन।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2019)**

1. एशियाई शेर प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
2. दो-कूबड़ वाला ऊँट प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
3. एक-सींग वाला गैंडा प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

**(a)** केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर : (a)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन-सा समूह प्राणी समूह संकटापन्न जातियों के संवर्ग के अंतर्गत आता है? (2012)**

(a) महान भारतीय सारंग, कस्तूरी मृग, लाल पांडा और एशियाई वन्य गधा।
(b) कश्मीर महामृग, चीतल, नील गाय और महान भारतीय सारंग।
(c) हिम तेंदुआ, अनूप मृग, रीसस बंदर और सारस (क्रेन)
(d) सिंहपुच्छी मेकाक, नील गाय, हनुमान लंगूर और चीतल

**उत्तर: (a)**

## स्रोत: डाउन टू अर्थ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/great-indian-bustards-and-asiatic-lions